# Daily Current Affairs

Date : 08 September, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | जीरे की नई किस्म : जोधपुर जीरा-1 (JC-1) |
| 2. | स्वास्थ्य संबंधी राजस्थान सरकार की हालिया पहलें |
| 3. | राजस्थान स्टेट सीनियर आर्चरी चैंपियनशिप – 2025 |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राज्य सरकार एवं पंजाब नेशनल बैंक के मध्य MoU<br>2. मिस एंड मिसेज इंडिया डेजल क्वीन 2025 - रेणुका जोशी<br>3. तनिष्ठा जोधा - ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल<br>4. सुशीला खोथ का भारतीय रग्बी फुटबाल टीम में चयन<br>5. माया चावत व चांद चावत : वर्ल्ड सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में<br>6. राजस्थान में चौथी स्टेज के कैंसर हेतु स्क्रीनिंग<br>7. राजस्थान मसाला कॉन्क्लेव–2025<br>8. श्री परशुराम ज्ञानपीठ (सेंटर फॉर एक्सीलेंस एण्ड रिसर्च)<br>9. गौ आधारित वैश्विक शिखर सम्मेलन ‘गौ महाकुंभ’ : जयपुर<br>10. RSRTC की 160 ब्ल्यू लाइन बसों को हरी झंडी<br>11. जोधपुर में मातृ वन की स्थापना |
| 5. | बायोE3 नीति की पहली वर्षगाँठ |
| 6. | गुयाना के नए राष्ट्रपति : इरफान अली |
| 7. | 82वां वेनिस फिल्म महोत्सव, 2025 : अनुपर्णा रॉय |
| 8. | अन्तरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस : 8 सितम्बर |
| 9. | 18वां अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड (IESO-2025) |
| 10. | US ओपन टेनिस चैम्पियनशिप, 2025 |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 11. | 12वीं पुरुष एशिया कप हॉकी चैम्पियनशिप, 2025 |
| 12. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. अमेरिकी रक्षा विभाग का नाम परिवर्तन : युद्ध विभाग<br>2. उत्तर पूर्वी क्षेत्र बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2025<br>3. नेपाल ने सोशल मीडिया साइटों पर प्रतिबंध लगाया<br>4. शिल्प समागम, 2025<br>5. 'ऑपरेशन सिंदूर' पुस्तक |

UTKARSH CIVIL SERVICES


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## जीरे की नई किस्म : जोधपुर जीरा-1 (JC-1)



### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारत सरकार ने जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित जीरे की किस्म 'जोधपुर जीरा-1 (JC-1)' की आधिकारिक गजट अधिसूचना जारी की।

### मुख्य बिन्दु:

- **स्वीकृति :** केंद्रीय किस्म विमोचन समिति (CSC) द्वारा अप्रैल, 2025 में 'जोधपुर जीरा-1' को आधिकारिक स्वीकृति प्रदान की गई थी।
- **उच्च उत्पादन :** जीरे की वर्तमान किस्म GC-4 की तुलना में जोधपुर जीरा-1 की उत्पादन क्षमता 22.7 प्रतिशत अधिक है।
- **रोग प्रतिरोधक :** उकठा (Fusarium Wilt) और कालिया (Blight) जैसे रोगों के प्रति सुरक्षित।
- अंतिम स्वीकृति से पूर्व इस किस्म का राजस्थान और गुजरात के 5 प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्रों पर परीक्षण किया गया।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**प्रमुख फसलों की उच्च गुणवत्ता वाली किस्में**

| | |
|---|---|
| **1. बाजरा**<br>▪ RAJ – 171<br>▪ RCB – 2<br>▪ RCB – 911<br>▪ RHB – 30 | **5. गन्ना**<br>▪ CO – 419<br>▪ CO – 449<br>▪ CO – 1007<br>▪ CO – 1111 |
| **2. कपास** | **6. सरसों** |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| ■ नरमा<br>■ बीकानेरी नरमा<br>■ PST – 9<br>■ US – 81<br>■ US – 51<br>■ US – 71<br>■ वीरनार<br>■ वरलक्ष्मी | ■ पूसा बोल्ड<br>■ राजविजय सरसों - 2<br>■ पूसा सरसों - 25<br>■ पूसा सरसों - 21 |
| **3. गेहूँ**<br>■ MG- नबी (मरू गेहूँ-नबी) (काला गेहूँ)<br>■ लेमी<br>■ कल्याण सोना (1482)<br>■ सोनालिका<br>■ मालविका<br>■ कोहिनूर<br>■ दुर्गापुरा – 65 एवं चम्बल 65 | **7. मक्का**<br>■ माही धवल<br>■ माही कंचन<br>■ HM - 4<br>■ HM - 8<br>■ HM - 9<br>■ अरुण<br>■ किरण<br>■ प्रभात |
| **4. चावल**<br>■ बासमती<br>■ माहीसुगंधा<br>■ परमल<br>■ चम्बल<br>■ पद्मा<br>■ जमुना | **8. जौ**<br>■ करण<br>■ कैलाश<br>■ केदार<br>■ ज्योति |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# स्वास्थ्य संबंधी राजस्थान सरकार की हालिया पहलें



## चर्चा में क्यों?

- वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए लगभग ₹28,865 करोड़ का प्रावधान किया गया, जो स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए अब तक का सर्वाधिक बजट प्रावधान था।

## मुख्य बिन्दु:

### स्वास्थ्य संबंधी हालिया पहलें:

#### निरामय राजस्थान अभियान:

- निरामय राजस्थान अभियान राजस्थान सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जो प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करने के साथ ही स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में जागरुक करने की ओर सशक्त कदम है।
- इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समान रूप से सुलभ बनाना, स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और चिकित्सा ढाँचे को सुदृढ़ करना है।
- इस अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री द्वारा 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' (7 अप्रैल, 2025) के अवसर पर की गई।
- यह अभियान न केवल उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करता है, बल्कि निवारक स्वास्थ्य, जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देता है।
- अभियान के तहत् हर माह की एक थीम निर्धारित कर आमजन को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### हीमोडायलिसिस वार्ड:

- किड़नी रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए जीवन रक्षक सुविधा प्रदान करने के लिए जिला अस्पतालों में हीमोडायलिसिस वार्ड स्थापित किए गए हैं।
- ये वार्ड गुर्दे की विफलता से जूझ रहे मरीजों के लिए डायलिसिस प्रेस जैसी महत्त्वपूर्ण चिकित्सा सेवा को ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में सुलभ बना रहे हैं।
- यह पहल गंभीर रोगों के उपचार को सस्ता और सुलभ बनाकर जीवन बचाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

### मिशन मधुहारी:

- मुख्यमंत्री द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस (7 अप्रैल, 2025) के अवसर पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), जयपुर में टाइप-1 डायबिटीज देखभाल के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत् भारत के पहले समर्पित कार्यक्रम 'मिशन मधुहारी' की शुरुआत की गई।
- पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरुआत जयपुर, नागौर, उदयपुर और जोधपुर के 12 जिले और उप-जिला अस्पतालों से की गई थी जिसे अब प्रदेश के सभी जिलों में चरणबद्ध रूप से प्रारंभ किया जाएगा।
- इसके तहत् टाइप-1 डायबिटीज के रोगियों को निःशुल्क इंसुलिन, ग्लूकोमीटर एवं ग्लूको स्ट्रिप प्रदान किए जाते हैं।

### मिशन ओबी लॉस (Mission OB Loss):

- ओबेसिटी के खतरे को रोकने और मोटापे से जुड़ी बीमारियों जैसे - उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, फैटी लीवर, घुटने का दर्द, मधुमेह और कैंसर को रोकने के लिए चिकित्सा विभाग, राजस्थान द्वारा 'मिशन ओबी लॉस' की शुरुआत की गई है।
- इस मिशन के अंतर्गत होटल, रेस्टोरेंट, कॉलेज और विश्वविद्यालय में जाने वाले छात्रों को खाद्य पदार्थों में कैलोरी और फैट की मात्रा के बारे में जागरूक किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना:

- प्रमुख स्वास्थ्य सूचकांकों को बेहतर बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल के रूप में 'मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना' की शुरुआत की गई है।
- इसके तहत् प्रमुख स्वास्थ्य सूचकांक में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने वाली ग्राम पंचायत को ₹11 लाख की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### मिशन लीवर स्माइल:

- युवाओं में जंक फूड एवं खान-पान की आदतों के कारण होने वाली नॉन एल्कोहोलिक फेटीलीवर डिजीज की प्रिविलेंस रेट 9 से 32 प्रतिशत है। इसी को ध्यान में रखते हुए 'मिशन लीवर स्माइल' कार्यक्रम शुरू किया गया है।
- इसका उद्देश्य लीवर रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर स्क्रीनिंग और उपचार सुनिश्चित करना है। राज्य के 61 जिला अस्पतालों में लीवर स्माइल क्लिनिक स्थापित किए गए हैं।

### स्वस्थ नारी चेतना अभियान:

- राजस्थान में लगभग 28,700 एचआईवी संक्रमित महिलाएँ हैं। इन महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर होने की सम्भावना आम महिलाओं की तुलना में 6 गुना अधिक है। एचआईवी संक्रमित महिलाओं की समय पर जाँच करने तथा उपचार करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा 'स्वस्थ नारी चेतना अभियान' का संचालन किया जा रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान स्टेट सीनियर आर्चरी चैंपियनशिप – 2025

## चर्चा में क्यों?

- नीमराणा (अलवर) में राजस्थान स्टेट सीनियर आर्चरी चैंपियनशिप – 2025 का आयोजन किया गया।



## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजक :** राजस्थान तीरंदाजी संघ (RAA)
- **आयोजन अवधि :** 5-7 सितंबर, 2025
- **स्थान :** नीमराणा, अलवर।
- **श्रेणियाँ:** सीनियर ओपन (पुरुष और महिला)

**श्रेणीवार विजेता:**

- **रिकर्व पुरुष वर्ग :** कृष कुमार।
- **रिकर्व महिला वर्ग :** खुशी कुमावत।
- **कंपाउंड पुरुष वर्ग :** रजत चौहान।
- **कंपाउंड महिला वर्ग :** प्रिया गुर्जर।
- **इंडियन राउंड पुरुष वर्ग :** नवीन कुमार।
- **इंडियन राउंड महिला वर्ग :** प्रियंका (सीएसटी फाउंडेशन)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राज्य सरकार एवं पंजाब नेशनल बैंक के मध्य MoU**<br>■ हाल ही में, राजस्थान सरकार तथा पंजाब नेशनल बैंक के मध्य राज्य में विभिन्न परियोजनाओं के वित्तीयन के संबंध में एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।<br>■ **मुख्य परियोजनाएँ:** राज्य में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण, अक्षय ऊर्जा तथा जयपुर मेट्रो का विस्तार।<br>■ इन विकास परियोजनाओं के लिए पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आगामी 5 वर्षों के लिए ऋण के रूप में ₹21 हजार करोड़ की वित्तीय उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। |
| 2. | **मिसेज इंडिया डेजल क्वीन, 2025 - रेणुका जोशी**<br>■ लखनऊ में आयोजित मिसेज इंडिया डेजल क्वीन 2025 का खिताब जयपुर की रेणुका जोशी ने जीता।<br>■ इस प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में देशभर से चुनी गई 30 फाइनलिस्ट्स ने भाग लिया। |
| 3. | **तनिष्ठा जोधा - ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल**<br>■ राजस्थान की तनिष्ठा जोधा ने CBSE ताइक्वांडो चैंपियनशिप की अंडर-17 के 38 किलो ग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।<br>■ इस प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 7 सितम्बर, 2025 तक उत्तर प्रदेश के इटावा में किया गया। |
| 4. | **सुशीला खोथ का भारतीय रग्बी फुटबाल टीम में चयन**<br>■ बाड़मेर निवासी सुशीला खोथ चीन में आयोजित होने वाले रग्बी एशिया कप-2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।<br>■ सुशीला का चयन अंडर-18 गर्ल्स कैटेगरी में हुआ। रग्बी एशिया कप-2025 का आयोजन 13 और 14 सितंबर, 2025 को चीन के होहोट में होगा। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 5. | **माया चावत व चांद चावत : वर्ल्ड सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में**<br>■ उदयपुर की मां-बेटे की जोड़ी माया चावत (78) व चांद चावत (45) थाईलैंड के पटाया में आयोजित होने वाले वर्ल्ड सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत की ओर से अपने-अपने आयु वर्ग का प्रतिनिधित्व करेंगे। |
| 6. | **राजस्थान में चौथी स्टेज के कैंसर हेतु स्क्रीनिंग**<br>■ राजस्थान में चौथी स्टेज के कैंसर से ग्रसित रोगियों हेतु स्क्रीनिंग की सुविधा का पायलट प्रोजेक्ट नागौर से शुरु किया जाएगा।<br>■ शुरुआत में महिलाओं में सर्वाधिक होने वाले ब्रेस्ट कैंसर की जांच की जाएगी। जिसके लिए फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन जयपुर चैप्टर की ओर से अभियान चलाया जाएगा। यह 365 दिनों की परियोजना है। |
| 7. | **राजस्थान मसाला कॉन्क्लेव–2025**<br>■ मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में 8 सितंबर, 2025 को बिरला ऑडिटोरियम, जयपुर में प्रदेश के मसालों से जुड़े कृषकों, व्यापारियों, निर्यातकों एवं अन्य मसाला हितधारकों के लिए कृषि विपणन विभाग द्वारा एक दिवसीय राजस्थान मसाला कॉन्क्लेव–2025 का आयोजन किया गया।<br>■ 'राज–स्पाइस' राज्य के मसाला उत्पादक किसानों, व्यापारियों, प्रसंस्करणकर्ताओं, निर्यातकों एवं अन्य मसाला हितधारकों को एक प्लेटफार्म पर जोड़ने हेतु राजस्थान कृषि विपणन बोर्ड द्वारा विकसित किया गया एक ऐप है। |
| 8. | **श्री परशुराम ज्ञानपीठ (सेंटर फॉर एक्सीलेंस एण्ड रिसर्च)**<br>■ हाल ही में, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जयपुर के मानसरोवर में विप्र फाउंडेशन की ओर से निर्मित श्री परशुराम ज्ञानपीठ (सेंटर फॉर एक्सीलेंस एण्ड रिसर्च) भवन का उद्घाटन किया गया। |
| 9. | **गौ आधारित वैश्विक शिखर सम्मेलन 'गौ महाकुंभ' : जयपुर**<br>■ जयपुर में श्री देवराहा बाबा गौ सेवा परिवार द्वारा एक वैश्विक सम्मेलन 'गौ महाकुंभ' का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री ने भाग लिया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| | ■ राजस्थान सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना' के अंतर्गत 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, वहीं प्रत्येक पंजीकृत गौशाला को प्रतिदिन प्रति गाय 50 रुपये और छोटे बछड़ों के लिए 25 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। |
| 10. | **RSRTC की 160 ब्ल्यू लाइन बसों को हरी झंडी**<br>■ 06 सितम्बर, 2025 को मुख्यमंत्री ने जयपुर के अमर जवान ज्योति से 12 विभिन्न बस डिपो की RSRTC की 160 ब्ल्यू लाइन एक्सप्रेस बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।<br>■ इन बस सुविधाओं में जयपुर से काठगोदाम (कैंचीधाम उत्तराखण्ड) के लिए भी सुपर लग्जरी बस का शुभारम्भ किया गया। |
| 11. | **जोधपुर में मातृ वन की स्थापना**<br>■ 05 सितम्बर, 2025 को मुख्यमंत्री द्वारा जोधपुर के लालसागर वन खंड में 'मातृ वन की स्थापना' की गई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वट का पौधा लगाया।<br>■ प्रधानमंत्री की पहल पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' के तहत् प्रदेशभर में मातृ वन की स्थापना की जा रही है। जोधपुर में मातृ वन के माध्यम से लालसागर वन खंड की पारिस्थितिकी को पुनर्जीवित कर हरित क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## बायोE3 नीति की पहली वर्षगाँठ

### चर्चा में क्यों?

- 6 सितंबर, 2025 को अंतरराष्ट्रीय आनुवंशिक अभियांत्रिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (ICGEB), नई दिल्ली ने भारत सरकार की प्रमुख पहल बायोE3 नीति की पहली वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में बायोE3@1 का आयोजन किया, जो जैव प्रौद्योगिकी को अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के साथ एकीकृत करती है।




### मुख्य बिन्दु:

- **कार्यक्रम का विषय :** "जलवायु अनुकूल कृषि और स्वच्छ ऊर्जा के लिए संस्थान-उद्योग संपर्क"
- **आयोजक :** अंतरराष्ट्रीय आनुवंशिक अभियांत्रिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (ICGEB), नई दिल्ली।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **सहयोग :** राष्ट्रीय कृषि खाद्य जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (NABI), मोहाली, राष्ट्रीय पादप जीनोम शोध संस्थान (NIPGR), नयी दिल्ली, राष्ट्रीय पशु जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (NIAB), हैदराबाद, कीटनाशक निर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान (IPFT), गुरुग्राम और क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (RCB), फरीदाबाद।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोज़गार के लिये जैव प्रौद्योगिकी (BioE3) नीति :** भारत की पहली जैव प्रौद्योगिकी नीति।

**BioE3 नीति**

| | |
|---|---|
| घोषणा : केंद्रीय बजट 2023-24 | केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी : 24 अगस्त, 2024 में। |
| कार्यान्वयन: जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT)। | लक्ष्य : 2030 तक 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर। |


- **उद्देश्य :** भारत में आर्थिक विकास, पर्यावरणीय स्थिरता, रोजगार सृजन को बढ़ावा और भारत के कुशल जैव प्रौद्योगिकी कार्यबल का विस्तार करना।

**मुख्य विशेषताएं :**

- रोजगार सृजन।
- विषयगत क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास तथा उद्यमिता को नवाचार-संचालित समर्थन।
- यह नीति बायो-आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हब, बायोफाउंड्री और बायोमैन्युफैक्चरिंग हब जैसे बायो-इनेबलर्स की स्थापना कर प्रौद्योगिकी विकास और व्यावसायीकरण को प्रोत्साहित करती हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**पहल के तहत् कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय महत्व के छह-विषयगत कार्यक्षेत्रों की पहचान की गई है। इनमें शामिल हैं :**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## गुयाना के नए राष्ट्रपति : इरफान अली



### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, गुयाना में हुए चुनाव में PPP पार्टी के मोहम्मद इरफ़ान अली को पुनः राष्ट्रपति चुना गया।

### मुख्य बिन्दु:

- वर्ष 2020 में पहली बार मोहम्मद इरफ़ान अली को राष्ट्रपति के रूप में चुना गया।
- मोहम्मद इरफ़ान अली का परिवार 19 वीं सदी में भारत से गुयाना पहुँचे गिरमिटिया मजदूरों के वंशज हैं अतः वर्ष 2023 में भारत सरकार ने मोहम्मद इरफ़ान अली को " प्रवासी भारतीय सम्मान, 2023" से प्रदान किया था।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

- **भारत और गुयाना के मध्य संबंध :** विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत और गुयाना के मध्य राजनयिक संबंध की शुरुआत वर्ष 1965 में हुई, जब भारत ने जॉर्जटाउन में एक उच्चायोग की स्थापना की थी। 26 मई, 1966 को गुयाना की स्वतंत्रता के बाद, 1968 में इसे पूर्ण भारतीय उच्चायोग के रूप में उन्नत किया गया।
- **भारतीय प्रधानमंत्री की गुयाना यात्रा :** नवंबर, 2024 में भारतीय प्रधानमंत्री 56 वर्षों में गुयाना की यात्रा करने वाले पहले भारतीय राष्ट्राध्यक्ष बन गए तथा गुयाना का सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार "द ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस" प्रदान किया गया।
- भारत और गुयाना ने हाइड्रोकार्बन, डिजिटल भुगतान प्रणाली, फार्मास्यूटिकल्स और रक्षा सहयोग जैसे क्षेत्रों में 10 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## गुयाना :




- **अवस्थिति :** दक्षिण अमेरिका के उत्तर-पूर्वी में स्थित हैं।
- **मुद्रा :** गुयानीज़ डॉलर (G$)।
- **राजधानी :** जॉर्जटाउन।
- **तेल भंडार :** वर्ष 2015 में विशाल तेल भंडार खोजा गया, जो कुल वैश्विक तेल और गैस खोजों का 18% है।
- गुयाना के पास प्रति व्यक्ति कच्चे तेल का सबसे अधिक भंडार है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## 82वाँ वेनिस फिल्म महोत्सव, 2025 : अनुपर्णा रॉय

### चर्चा में क्यों?

- **6 सितंबर, 2025 को भारतीय फिल्म निर्माता अनुपर्णा रॉय ने 82वें वेनिस फिल्म समारोह, 2025 में ओरिज़ोंटी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीता है।**



### मुख्य बिन्दु:

- **पुरस्कार की घोषणा : ओरिज़ोंटी निर्णायक मंडल द्वारा।**
- **अनुपर्णा रॉय की फिल्म : "सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज़", इस श्रेणी में एकमात्र भारतीय प्रविष्टि थी और यह मुंबई में दो प्रवासी महिलाओं की कहानी पर आधारित हैं।**
- **यह पुररस्कार प्राप्त करने वाली अनुपर्णा रॉय भारत की पहली इंडियन फीमेल डायरेक्टर हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


### अन्य पुरस्कार विजेता :

| पुरस्कार | विजेता | फिल्म |
|---|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ फिल्म का गोल्डन लायन पुरस्कार | जिम जार्मुश (अमेरिकी निर्देशक) | "फादर मदर सिस्टर ब्रदर" |
| सिल्वर लायन उपविजेता पुरस्कार | कौथर बेन हानिया(ट्यूनीशिया) | "द वॉयस ऑफ हिंद रजब"( यह फिल्म गाजा युद्ध के दौरान मारी गई एक युवा फिलिस्तीनी लड़की की कहानी पर आधारित है।) |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार | टोनी सर्विलो | पाओलो सोरेंटिनो की इतालवी फिल्म ला ग्राज़िया में एक थके हुए राष्ट्रपति की भूमिका के कारण। |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार | शिन ज़िलेई (चीनी अभिनेत्री) | को द सन राइज़ेस ऑन अस ऑल में अभिनय के कारण। |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशक | बेनी सफी | द स्मैशिंग मशीन |
| विशेष जूरी पुरस्कार | जियानफ्रैंको रोसी (इतालवी निर्देशक) | श्वेत-श्याम वृत्तचित्र "बिलो द क्लाउड्स" के प्रदान किया गया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## अन्तरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस : 8 सितम्बर




**मुख्य बिन्दु:**

- **आयोजन :** प्रतिवर्ष 8 सितम्बर।
- **उद्देश्य :** शिक्षा के अधिकार और साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- **2025 की थीम :** "डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना"/ "Promoting literacy in the digital era."
- **कारण :** इस दिवस की जड़े वर्ष 1965 में ईरान के तेहरान में आयोजित निरक्षरता उन्मूलन पर शिक्षा मंत्रियों के विश्व सम्मेलन से जुड़ी हैं।
- **घोषणा :** वर्ष 1966 में यूनेस्को द्वारा।
- **पहली बार आयोजन :** वर्ष 1967
- यूनेस्को सांख्यिकी संस्थान के अनुसार, वर्ष 2024 तक विश्व में कम से कम 754 मिलियन वयस्क पढ़-लिख नहीं सकते।
- साक्षरता संयुक्त राष्ट्र के सतत् विकास लक्ष्यों और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास के 2030 एजेंडे का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **भारत के समक्ष चुनौतियाँ :** आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) 2023-24 के अनुसार, भारत की कुल साक्षरता दर सात वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग की जनसंख्या के लिए 80.09% है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

1. **शहरी-ग्रामीण विभाजन :** भारत में, ग्रामीण और शहरी साक्षरता के मध्य असमानता स्पष्ट है, जो ग्रामीण भारत में शैक्षिक बुनियादी ढाँचे तक अपेक्षाकृत कम पहुँच को दर्शाती है। PLFS के अनुसार, ग्रामीण साक्षरता दर 77.5% है, जबकि शहरी साक्षरता दर 88.9% अधिक है।
2. **लिंग अंतर :** भारत में पुरुष साक्षरता दर महिला साक्षरता दर से अधिक है। दोनों के मध्य 12 अंकों का अंतर है, जहाँ पुरुष साक्षरता दर 87.2% और महिला साक्षरता दर 74.6% है।
3. **क्षेत्रीय असमानताएँ :** मिज़ोरम, केरल और त्रिपुरा जैसे राज्यों को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया गया है, जबकि बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्य पिछड़ रहे हैं।
4. **डिजिटल विभाजन :** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में केवल 38% परिवार ही डिजिटल रूप से साक्षर हैं। शहरी क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता 61% है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह केवल 25% है।

- **भारत में साक्षरता से संबंधित प्रयास :** सर्व शिक्षा अभियान, मिड डे मिल, प्रौढ़ शिक्षा, राष्ट्रीय साक्षरता अभियान (वर्ष 1988), राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 और न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम (वित्त वर्ष 2022-2027)आदि।
- **साक्षर :** 2011 की जनगणना के अनुसार, 7 वर्ष या उससे अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति जो किसी भी भाषा को समझकर, पढ़ और लिख सकता है, उसे साक्षर माना जाता है।

| | |
|---|---|
| पहला संविधान साक्षर गाँव | **चिराकाडावु (केरल) :** कोट्टायम के चिराकाडावु में हर घर की दीवार पर संविधान की प्रस्तावना लगी है। चिराकाडावु देश की पहली 'कॉन्स्टिट्यूशनल लिटरेट' पंचायत है। |
| पहला डिजिटल साक्षर गाँव | पुल्लमपारा (केरल) |
| देश का पहला डिजिटल साक्षर राज्य | **केरल;** इसकी शुरुआत वर्ष 2021में तिरुअनंतपुरम के पुल्लमपारा से हुई थी। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## 18वाँ अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड (IESO-2025)

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने अगस्त, 2025 में आयोजित 18वें अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड (IESO-2025) में भारतीय टीम के विजेता छात्रों को नई दिल्ली में सम्मानित किया।



### मुख्य बिन्दु:

- 18वां अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड (IESO 2025) :
- **आयोजन :** अगस्त, 2025 में चीन के जिनिंग में आयोजित की गई।
- **भारतीय टीम का प्रदर्शन :** कुल 7 पदक + 1 विशेष पुरस्कार जीता।

  **7 पदक : एक स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य-**

| खिलाड़ी | पदक |
|---|---|
| रेयांश गुप्ता (लुधियाना) | 1 स्वर्ण, 1 रजत और विशेष जिम रिपोर्टर पुरस्कार। |
| बैंस चारुव्रत | 2 रजत, 1 कांस्य |
| प्रयांशी घनघस | 1 कांस्य |
| अपम निधि पांडे | 1 रजत |

- **1 विशेष पुरस्कार :** अंतरराष्ट्रीय भूविज्ञान युवा आंदोलन रिपोर्टर श्रेणी में तीसरा पुरस्कार भी प्राप्त किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## US ओपन टेनिस चैम्पियनशिप, 2025

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, अमेरिका में आयोजित टेनिस के वर्ष 2025 के आखिरी ग्रैंड स्लैम US ओपन टेनिस चैम्पियनशिप, 2025 में महिला एकल और पुरुष एकल का खिताब क्रमशः आर्यना सबालेंका और कार्लोस अल्काराज़ ने जीता।




### मुख्य बिन्दु:

**एकल का खिताब :**

| | महिला एकल का खिताब | पुरुष एकल का खिताब |
|---|---|---|
| विजेता | आर्यना सबालेंका (बेलारूस) | कार्लोस अल्काराज़ |
| उपविजेता | अमांडा अनिसिमोवा (अमेरिका) | जैनिक सिनर |

### पुरुष युगल खिताब :

| | महिला युगल खिताब | पुरुष युगल खिताब |
|---|---|---|
| विजेता | एरिन रूटलिफ (न्यूजीलैंड) और गैब्रिएला डाब्रोव्स्की (कनाडा) | मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो ज़ेबालोस (स्पेनिश-अर्जेंटीना जोड़ी) |
| उपविजेता | टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा (दूसरा यूएस ओपन खिताब) | सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की (ब्रिटिश जोड़ी) |

### आर्यना सबालेंका :

- यह सबालेंका का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब हैं (दो ऑस्ट्रेलियन ओपन और दो यूएस ओपन)।
- यह विश्व की नंबर-1 महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका (27) का दूसरा यूएस ओपन खिताब हैं।
- **मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो ज़ेबालोस (स्पेनिश-अर्जेंटीना जोड़ी) :** यह सीज़न का दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब (पहला 2025 में फ्रेंच ओपन) हासिल किया।
- **कार्लोस अल्काराज़ :** वर्ल्ड नंबर-2 कार्लोस अल्काराज ने US ओपन, 2025 के फाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर को हराकर अपना छठा ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया।
- यह कार्लोस अल्काराज़ का दूसरा US ओपन खिताब हैं, इससे पहले उन्होंने वर्ष 2022 में US ओपन खिताब जीता था।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

### ग्रैंड स्लैम:

| ग्रैंड स्लैम | आयोजन समय | कोर्ट | शुरुआत |
|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलियन ओपन | जनवरी | हार्ड कोर्ट | वर्ष 1905 |
| फ्रेंच ओपन (अन्य नाम : रोलैंड गैरोस) | मई-जून | मिट्टी (Clay) | वर्ष 1891 |
| विंबलडन ओपन | जून-जुलाई | घास (Grass) | वर्ष 1877 |
| यूएस ओपन | अगस्त-सितंबर | हार्ड कोर्ट | वर्ष 1881 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 12वीं पुरुष एशिया कप हॉकी चैम्पियनशिप, 2025

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, बिहार के राजगीर हॉकी स्टेडियम में आयोजित पुरुष एशिया हॉकी कप, 2025 में भारत ने दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर चौथी बार एशिया कप हॉकी खिताब जीता।
- इसी के साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने वर्ष 2026 में नीदरलैंड और बेल्जियम में आयोजित होने वाले FIH विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया।




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन :** 29 अगस्त से 7 सितंबर, 2025 तक राजगीर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में किया जाएगा।
- **मेजबानी :** बिहार पहली बार इस टूर्नामेंट की मेजबानी की गई।
- **लोगो, शुभंकर और ट्रॉफी का अनावरण :** 18 अगस्त, 2025 को बिहार सरकार द्वारा पटना में किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **ट्रॉफी :** प्राइड जर्नी ।
- **शुभंकर :** शुभंकर जिसका नाम "चाँद" है, राष्ट्रीय पशु बाघ से प्रेरित है। यह भारत के राष्ट्रीय पशु बाघ के साहस, चपलता और कौशल का प्रतीक है।
- **प्रेरित :** चाँदनी रातों में अभ्यास कर्त्ता हॉकी खिलाडी मेजर ध्यानचंद और वाल्मीकि टाइगर रिज़र्व के राजसी बाघ प्रेरित हैं जो शक्ति, चपलता और आत्मविश्वास का प्रतीक है।
- शुभंकर में लाल टोपी शक्ति और उत्साह का प्रतिनिधित्व करती है, जबकि जादूगर की टोपी मेजर ध्यानचंद की असाधारण प्रतिभा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है।
- **भागीदार टीमें :** भारत, चीन, जापान, चीनी ताइपे, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, ओमान और बांग्लादेश की टीमें।

| विजेता | उपविजेता |
|---|---|
| **भारतीय पुरुष हॉकी टीम :** चौथी बार विजेता | दक्षिण कोरिया पुरुष हॉकी टीम |

- **भारत ने 2 वर्ष में हॉकी के 4 पदक जीते :** ओलिंपिक, एशियन गेम्स, एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी और एशिया कप।
- **भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान :** हरमनप्रीत।

**भारत के एशिया हॉकी कप :**

| वर्ष | मेजबान |
|---|---|
| 2003 | मलेशिया |
| 2007 | भारत |
| 2017 | बांग्लादेश |
| 2025 | भारत |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **अमेरिकी रक्षा विभाग का नाम परिवर्तन : युद्ध विभाग**<br>■ हाल ही में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रक्षा विभाग का नाम बदलकर युद्ध विभाग करने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं।<br>■ अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुसार 'युद्ध विभाग' शब्द अमेरिका की ताकत और सैन्य इतिहास को बेहतर ढंग से दर्शाता है।<br> |
| 2. | **उत्तर पूर्वी क्षेत्र बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2025**<br><br>■ **उद्घाटन :** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा द्वारा।<br>■ **आयोजक :** त्रिपुरा बैडमिंटन एसोसिएशन।<br>■ **भागीदार :** अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम और सिक्किम के 200 से अधिक खिलाड़ी। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **नेपाल ने सोशल मीडिया साइटों पर प्रतिबंध लगाया** |




- हाल ही में, नेपाल ने फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम समेत 26 अपंजीकृत सोशल मीडिया साइटों पर प्रतिबंध लगा दिया।
- MoCIT के अनुसार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को निर्धारित समय सीमा में मंत्रालय में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- **कारण :** नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय ने अदालत की अवमानना के एक मामले की सुनवाई करते हुए सरकार को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया था कि नेपाल में कोई भी सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म बिना औपचारिक पंजीकरण के संचालित न हो।

| | |
|---|---|
| 4. | **शिल्प समागम, 2025** |



- **आयोजन :** बेंगलुरु।
- **उद्देश्य :** दिव्यांगों और वंचितों को सशक्त बनाना।
- यह मेला 'वोकल फॉर लोकल' संकल्प की अभिव्यक्ति के रूप में आयोजित किया गया है।
- **उद्घाटन :** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री द्वारा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

5. **'ऑपरेशन सिंदूर' पुस्तक**




- **पुस्तक : ऑपरेशन सिंदूर: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियाज डीप स्ट्राइक्स इनसाइड पाकिस्तान।**
- **लेखक : सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लन।**
- **विमोचन : COAS जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा।**

CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR